# बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०

## Bihar State Tourism Development Corporation Ltd.

वीरचन्द पटेल पथ / Beerchand Patel Path, पटना / Patna- 800 001

दूरभाष / **Phone : -** +91-612-2222622 फैक्स नं० / **Fax No:** - 0612-2506218

**CIN:** U63040BR1980SGC001486, **Web:** www.bstdc.bihar.gov.in **E-mail:** contactbstdc@gmail.com

BSTDC


सं0सं0–02/42/वि0/स्था0/14–15/पार्ट–2/1610/23 दिनांक 13.06.2023

# विज्ञप्ति

**बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के अधीन निम्न पदों पर राज्य सरकार के कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मियों के संविदा पर नियोजन हेतु आवेदन :–**

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–2804 दिनांक–29.03.10 एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का संकल्प संख्या–10000, दिनांक–10.07.2015 के प्रावधानों के आलोक में बिहार सरकार के कार्यालय से सेवानिवृत्त इच्छुक पदाधिकारियों से विहित प्रपत्र में संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र० | पद का नाम | स्वीकृत पदों की संख्या | धारित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य अभियंता (असैनिक) | 01 | बिहार सरकार से मुख्य अभियंता (असैनिक) के पद से सेवानिवृत अभियंता |
| 2 | कार्यपालक अभियंता (असैनिक) | 01 | बिहार सरकार से कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के पद से सेवानिवृत अभियंता। |
| 3 | सहायक अभियंता (असैनिक) | 02 | बिहार सरकार से सेवानिवृत सहायक अभियंता (असैनिक) के पद से सेवानिवृत अभियंता। |
| 4 | सहायक अभियंता (विद्युत) | 01 | बिहार सरकार से सेवानिवृत सहायक अभियंता (विद्युत) के पद से सेवानिवृत अभियंता। |
| 5 | कनीय अभियंता (विद्युत) | 01 | बिहार सरकार से सेवानिवृत कनीय अभियंता (विद्युत) के पद से सेवानिवृत अभियंता। |
| 6 | वित्तीय सलाहकार | 01 | महालेखाकार कार्यालय से सेवानिवृत वरीय लेखा पदाधिकारी से अन्यून न हो। |

## 1. संविदा पर चयन निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जायेगा :–

1. चयन हेतु उम्मीदवार की अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष होगी। चयन प्रथमतः एक वर्ष अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति होने तक के लिए होगा तथा संविदा पर रहने की अधिकतम उम्र सीमा 67 वर्ष होगी, जो आवश्यकतानुसार एक–एक साल के लिए उनकी सेवा का विस्तार उनके कार्यों की समीक्षा के उपरान्त किया जा सकेगा।
2. सेवानिवृत्त और संविदा नियोजन के बीच वेतन/पेंशन पुनरीक्षण हो जाने के स्थिति में भी निर्धारित मानदेय अपरिवर्तित रहेगा।
3. नियोजित कर्मियों का मासिक मानदेय उन्हें प्राप्त होने वाले अन्तिम वेतन+सेवानिवृत्ति के समय अंतिम वेतन पर प्राप्त मँहगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि+सेवानिवृत्ति के समय पेंशन की राशि पर प्राप्त मँहगाई भत्ता की राशि को घटाने के बाद अथवा Negotiation के आधार पर मानदेय देय होगी।

4. नियोजन हेतु सरकारी सेवकों का चयन किये जाते समय उनके सरकारी कार्य हेतु स्वस्थ्य होने के सम्बन्ध में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र आवश्यक होगा।

5. नियोजित कर्मियों के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी, कार्य संतोषजनक नहीं होने पर संविदा नियोजन रद्द् की जा सकेगी।

6. नियोजन में निकट के वर्षो में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्राथमिकता सूची में ऊपर रखा जायेगा।

7. निम्नांकित कर्मियों की सेवाएं नहीं ली जायेगी :–

   (क) जिन पर कोई निगरानी का मामला चल रहा है।
   (ख) जिन पर कोई विभागीय कार्यवाही चल रही है।
   (ग) जिन पर कोई गंभीर आरोप विचाराधीन हो।
   (घ) जिन पर किसी भी तरह का कोई अपराधिक मामला दर्ज हो।

(**नोट** :– क्रमांक ''**क**'' से ''**घ**'' तक के संबंध में शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा)

8. सेवानिवृत्त इच्छुक उम्मीदवार विहित प्रपत्र में दिनांक–**10.07.2023** के अपराह्न **05:00** बजे तक निगम के कार्यालय में अपना आवेदन निबंधित/हाथों–हाथ समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

9. आवेदन के साथ पी0पी0ओ0 (यदि निर्गत हो) अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र एवं सेवापुस्त की छायाप्रति संलग्न किया जाना होगा।

10. नियमानुसार आरक्षण नियमावली का पालन किया जायेगा।

11. प्राप्त आवेदनों की समीक्षा प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा की जायेगी।

ह0/–
महाप्रबंधक
बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम

# विहित प्रपत्र

1 आवेदक का नाम ..............................................................................................

2 पद का नाम ..............................................................................................

3 विभाग/कार्यालय का नाम (जहाँ से सेवानिवृत हुए हैं) ..............................................................................................

4 जन्म तिथि ..............................................................................................

5 सेवानिवृति की तिथि ..............................................................................................

6 अंतिम प्राप्त वेतन (यदि कोई हो) ..............................................................................................

1. वेतनमान ..............................................................................................
2. मूल वेतन ..............................................................................................
3. ग्रेड पे ..............................................................................................

7 सेवानिवृति को धारित पद एवं उक्त पद का कार्यानुभव ..............................................................................................

8 पेंशन स्वीकृति की स्थिति ..............................................................................................

1. पी॰पी॰ओ॰ न॰ ..............................................................................................
2. स्वीकृत ..............................................................................................
3. स्वीकृत नहीं ..............................................................................................
4. औपंबधिक स्वीकृत (सही का निशान लगावें तथा आदेश की प्रति संलग्न करें) ..............................................................................................

9 पेंशन की स्वीकृत राशि ..............................................................................................

पेंशन+मंहगाई सहत आदि (कुल जोड़कर) ..............................................................................................

10 सेवानिवृति की तिथि या पूर्व में आरोप/विभागीय कार्यवाही की स्थिति ..............................................................................................

11 आरक्षण कोटि

(1) अनुसूचित जाति (2) अनुसूचित जनजाति (3) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (4) पिछड़ा वर्ग

(5) पिछड़ा वर्ग (महिला) (6) सामान्य (सही का निशान लागवे तथा जाति अंकित करे ......................)

12 आरोप के निष्पादन की स्थिति /अधिरोपित दण्ड का विवरण ..............................................................................................

13 वर्तमान पता (मोबाइल नं0 के साथ) ..............................................................................................

14 स्थायी पता ..............................................................................................

15 घोषण पत्र
एतद् द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण सही है। सूचना गलत पाये जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदिवारी संविदा नियोजन रद्द किया जा सकता हैं।

आवेदक का हस्ताक्षर

# बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०
## Bihar State Tourism Development Corporation Ltd.
वीरचन्दपटेलपथ / Beerchand Patel Path,पटना / Patna- 800 001
दूरभाष / Phone :- +91-612-2222622फैक्स नं० / Fax No:- 0612-2506218
**CIN** : U63040BR1980SGC001486 **web**: bstdc.bihar.gov.in **E-mail** : contactbstdc@gmail.com


संचिका सं0–02/42/वि॰/स्था॰/2014–15/पार्ट–2/1738/23 दिनांक–26.06.2023

## शुद्धि पत्र

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा नियोजन विज्ञप्ति (द्वारा PR No. 003731 (NI NI) 2023-24) के माध्यम से विभिन्न पदों के लिए सेवानिवृत कर्मियों के संविदा पर नियोजन हेतु विज्ञापन आमंत्रित किये गए हैं।

उक्त विज्ञापन के पद क्रमांक–1, मुख्य अभियंता (असैनिक) के लिए धारित योग्यता ''बिहार सरकार से मुख्य अभियंता (असैनिक) के पद से सेवानिवृत अभियंता के स्थान पर मुख्य अभियंता(असैनिक) के प्रभार में रहें सेवानिवृत अभियंता'' पढ़ा जाए।

विज्ञापन की शेष सभी शर्त्तें पूर्ववत् रहेंगी।

विश्वासभाजन,
ह०/–
(अभिजीत कुमार)
महाप्रबंधक

# बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०

## Bihar State Tourism Development Corporation Ltd.

वीरचन्द पटेल पथ / Beerchand Patel Path, पटना / Patna- 800 001
दूरभाष / **Phone : -** +91-612-2222622 फैक्स नं0 / **Fax No:** - 0612-2506218
**CIN:** U63040BR1980SGC001486, **Web:** www.bstdc.bihar.gov.in **E-mail:** contactbstdc@gmail.com

BSTDC

सं०सं०—02/42/वि०/स्था०/14—15/पार्ट/2/1822/23 दिनांक— 01.07.2023

**शुद्धि पत्र—02**

PR No. 003731 (NI NI) 2023-24, के माध्यम से प्रकाशित विज्ञप्ति "**बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के अधीन निम्न पदों पर राज्य सरकार के कार्यालय से सेवानिवृत कर्मियो के संविदा पर नियोजन हेतु आवेदन**" में निम्न संशोधन किया जाता है:—

| क्र० | पद का नाम | विज्ञप्ति मे प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य अभियंता (असैनिक) | बिहार सरकार से मुख्य अभियंता (असैनिक) के पद से अन्यून न हो। | बिहार सरकार से मुख्य अभियंता (असैनिक) या समकक्ष पद से अथवा बिहार सरकार से मुख्य अभियंता (असैनिक) या समकक्ष पद के प्रभार से सेवानिवृत अभियंता। |
| 2 | कार्यपालक अभियंता (असैनिक) | बिहार सरकार से कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के पद से अन्यून न हो। | बिहार सरकार से कार्यपालक अभियंता (असैनिक) या समकक्ष पद से अथवा बिहार सरकार से कार्यपालक अभियंता (असैनिक) या समकक्ष पद के प्रभार से सेवानिवृत अभियंता। |
| 3 | सहायक अभियंता (असैनिक) | बिहार सरकार से सेवानिवृत सहायक अभियंता (असैनिक) के पद से अन्यून न हो। | बिहार सरकार से सहायक अभियंता (असैनिक) या समकक्ष पद से अथवा बिहार सरकार से सहायक अभियंता (असैनिक) या समकक्ष पद के प्रभार से सेवानिवृत अभियंता। |
| 4 | सहायक अभियंता (विद्युत) | बिहार सरकार से सेवानिवृत सहायक अभियंता (विद्युत) के पद से अन्यून न हो। | बिहार सरकार से सहायक अभियंता (विद्युत) या समकक्ष पद से अथवा बिहार सरकार से सहायक अभियंता (विद्युत) या समकक्ष पद के प्रभार से सेवानिवृत अभियंता। |
| 5 | कनीय अभियंता (विद्युत) | बिहार सरकार से सेवानिवृत कनीय अभियंता (विद्युत) के पद से अन्यून न हो। | बिहार सरकार से कनीय अभियंता (विद्युत) या समकक्ष पद से अथवा बिहार सरकार से कनीय अभियंता (विद्युत) या समकक्ष पद के प्रभार से सेवानिवृत अभियंता। |

विज्ञापन की अन्य सूचना एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

ह०/–
(अभिजीत कुमार)
महाप्रबंधक